### पहले दिन 7080 परीक्षार्थियों में से 2413 हुए उपस्थित, 4667 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

# भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में तीन पालियों में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी सीजीएल) भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहले दिन शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिले के 19 परीक्षा केंद्रों में आयोजित उक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 7080 परीक्षार्थियों में से मात्र 2413 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 4667 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। गौरतलब हो कि प्रतियोगिता परीक्षा को निष्पक्ष, कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया था, प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ 6 उड़नदस्ता टीम, 19 गश्तीदल और 19 स्टेटिक



दंडाधिकारी, 36 परीक्षा ऑब्जर्वर, 50 पुलिस पदाधिकारी और 200 जवानों को लगाया गया था, इसके अलावे सभी 19 परीक्षा केंद्रों 336 सीसीटीवी कैमरे व 146 जैमर लगाए गए थे, इसके अलावे प्रत्येक केंद्रों पर आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त एजेन्सी के माध्यम से परीक्षार्थियों का बायोमैट्रिक उपस्थिति बनवाया गया। उपायुक्त के निर्देश पर वज्र गृह से परीक्षा केंद्र के लिए सामग्रियों के निकालने, प्रत्येक पाली के सील्ड परीक्षा सामग्रियों को खोले जाने से लेकर परीक्षा समाप्ति के बाद सीलिंग प्रक्रिया आदि का भी वीडियोग्राफी किया गया।

**उपायुक्त ने कई परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण :** प्रतियोगिता परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज कोडरमा में

# परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों के बीच उत्साह : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन 22 सितंबर को कोडरमा में हो रहा है, श्री मौर्य झुमरीतिलैया में आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे और आमजनों को सम्बोधित करेंगे। वहीं भाजपा के परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, उक्त बातें शनिवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने संयुक्त रूप से कहा। वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले दिन से ही भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, राज्य की जनता हेमंत सोरेन सरकार के गलत नीतियों और भ्रष्टाचार से त्रस्त है और वे झारखंड में परिवर्तन का संकल्प ले चुके हैं। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले चुनाव में हेमंत सोरेन ने जनता से कई वायदे किये थे, जिसमे से एक भी पूरा नही किया, उन्होंने राज्य की भोलीभाली जनता को बरगला कर सत्ता हासिल किया था, उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली की दौड़ में 15 लोगों की जाने गयी है, इससे कितने माताओं की गोद सुनी हो गयी, दूसरी तरफ मंईयां सम्मान योजना से राज्य की मां बहनों को ठगने का काम किया जा रहा है, परन्तु राज्य की जनता अब इनके जाल में फंसने वाली नही है। वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार पूरे चरम पर है, आमलोग इससे पूरी तरह त्रस्त हैं, गरीबों और जरूरतमंदों की कहीं कोई सुनवाई नही हो रही है, भाजपा की परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम से राज्य की जनता में भारी उत्साह है। वहीं केंद्रीय मंत्री और कोडरमा विधायक ने आमजनों से उक्त कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है। मौके पर अनूप जोशी, रमेश हर्षधर, गोपाल कुमार गुतुल, रामचन्द्र सिंह, शिवेंद्र नारायण, राजकुमार यादव, अजय पांडेय, नरेंद्र पाल, मनोज कुमार झुन्नू आदि मौजूद थे।



### झूठ की दीवार पर खड़ी है हेमंत सोरेन की सरकार : सिग्रीवाल

सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि झारखंड में बदलाव का लहर चल रहा है, राज्य की जनता वर्तमान सरकार से त्रस्त है और वे इस सरकार से छुटकारा चाह रहे हैं। वहीं उन्होंने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ की दीवार पर हेमंत सोरेन की सरकार खड़ी है, केंद्र की मोदी सरकार से राज्य की जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और हेमंत की सरकार लूट में व्यस्त है, स्वयं मुख्यमंत्री जेलयात्रा कर आये हैं और फिलहाल वे बेल पर हैं। राज्य की जनता इस सरकार से मुक्ति चाह रहे हैं, भाजपा की परिवर्तन यात्रा से लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

### दो जालसाजों ने महिला से दुष्कर्म का झूठा आरोप लगवाकर 5 लाख रुपये ऐंठे

**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र में दो जालसाजों ने एक महिला से बलात्कार का झूठा आरोप लगवाकर सुलह कराने के नाम पर उससे बेटी की शादी के लिए रखे गए पाँच लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित परिवार ने टंडवा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित परिवार ने यह भी खुलासा किया है कि चतरा कोर्ट में लेम्बुआ निवासी महाबीर साव और विशुन साव ने स्टांप पेपर में पांच लाख रुपये पीड़ित को देने का जिक्र किया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस जनशिकायत शिविर में हितैषी बनकर दो सगे दोस्तों महाबीर साव और भुनेश्वर उर्फ बिशुन साव के खिलाफ लिखित शिकायत की है। शिकायतकर्ता की पत्नी संगीता देवी ने महाबीर साव और अन्य दो अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने जिले के एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

### एक नजर में

## एनीमिया मुक्त को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के चीलोई में एनीमिया से संबंधित एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पिरामल फाउंडेशन के आदित्य राज ने एनीमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी लोगों की शिविर में भागीदारी पर जोर दिया। नवादा पंचायत के मुखिया भरत यादव ने कहा कि अपने पंचायत को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए सभी लोगों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है और उन्होंने सभी से आगे बढ़कर इस शिविर में हिस्सा लेने और इसकी सफलता में अपना सहयोग देने की अपील की। मुखिया ने बताया कि 23 सितंबर को चिलोय आंगनबाड़ी केंद्र में, 26 सितंबर को बनियाडीह स्वास्थ्य केंद्र में और 28 सितंबर को नवादा पंचायत भवन में एनीमिया जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे।इस ग्राम सभा में पंचायत समिति प्रतिनिधि शंकर पासवान, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी, शिक्षक गण, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया, जल सहिया, नवयुवक और ग्रामीण उपस्थित थे।

## घर के पास बहने वाले गंदे पानी से ग्रामीण परेशान



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बीच टोला से हरदी बागी तक जाने वाली मुख्य सड़क पर बिनोद दांगी के घर के पास से बहने वाले गंदे पानी से स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे नाली नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे उन्हें और राहगीरों को काफी परेशानी होती है। समाजसेवी दशरथ दांगी ने कहा कि लोगों ने बड़े-बड़े घर बनाए हैं, लेकिन एक सोख्ता भी नहीं बना पाए हैं। अगर घरों में सोख्ता होता तो सड़क की यह स्थिति नहीं होती। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क पर गंदे पानी का बहाव जारी रहा तो वे थाने में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रखंड प्रशासन से सड़क पर नाली निर्माण कराने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में दशरथ दांगी, वार्ड सदस्य कैलाश दांगी, मनोज दांगी, अजय दांगी, पिंटू कुमार, शतीश कुमार समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

# माहुरी वैश्य मंडल के अध्यक्ष बने अरुण एवं सचिव सुनील




खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर स्थित श्री माहुरी भवन में माहुरी वैश्य मंडल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। वहीं मुख्य चुनाव पदाधिकारी सह महामंडल उपाध्यक्ष रवि कपसीमे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंडल के आगामी सत्र के लिए चार पदों के लिए नामांकन दर्ज करने वाले सभी प्रत्याशीयों ने हिस्सा लिया। इस दौरान समाज के पदाधिकारी और सदस्यों ने एक मत होकर नए पदाधिकारियों की चुनाव पर सहमति बनाई। वहीं सभी प्रत्याशियों की आपसी सहमति होते ही सत्र 2024-27 के लिए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में मंडल अध्यक्ष अरुण सेठ, सचिव सुनील भदानी, कोषाध्यक्ष राजन भदानी व भवन आवंटन मंत्री शैलेश चरणपहाड़ी को चुना गया। बैठक के दौरान मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि शेष पदाधिकारियों और कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा बैठक कर इसी माह की जाएगी।

वहीं मुख्य चुनाव पदाधिकारी रवि कपसीमे ने कहा कि समाज में संवैधानिक अधिकार के तहत चुनाव की प्रक्रिया अपनाई गई थी। इसी के तहत आपसी सहमति बनाने को लेकर बैठक की गयी। बैठक में समाज के लोगों ने आपसी भाई चारा और सौहार्द पूर्ण वातावरण के तहत एकजुटता का परिचय देते हुए जो सहमति बनाई है वह अद्वितीय है। वहीं उन्होंने कहा कि 15 वर्षों के बाद सर्वसम्मति से हुए समाज के चुनाव से एक नए युग की शुरुआत हुई है, हमें पूर्ण विश्वास है कि सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी समाज के विकास के लिए नए दृष्टिकोण और ऊर्जा के साथ काम करेंगे। वहीं उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मंडल के नए कमिटी को माहुरी वैश्य महामंडल गिरिडीह के उपाध्यक्ष होने के नाते यह अश्वस्त करता हूं की महामंडल भी तन मन के साथ सहयोग करेगी। वहीं नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि समाज को एकजुट और मजबूत बनाने के लिए हम मुमकिन प्रयास करेंगे, इधर, नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव व अन्य चयनित पदाधिकारियों को उदय बड़गवे, दिलीप अठघरा, महेंद्र लोहानी, पप्पू भदानी, गौतम वैश्यकियार, अजित भदानी, सुजीत लोहानी, कृष्णा ब्रहपुरिया विनोद भदानी, रितेश लोहानी, मुन्ना भदानी, मुन्ना सेठ, रवि लोहानी, विकास वैश्यकियार, शुभम कपसीमे, सोनू पहाड़ी, संतोष कपसीमे, सागर भदानी, वेद भदानी आदि ने बधाई दी।

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गयी टोटो को किया बरामद



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी की तिलैया थानान्तर्गत अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में वैशाली प्रेस गली से टोटो चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले के उद्भेदन के लिए एसपी द्वारा एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की गई ब्लू रंग की टोटो को बरामद किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना काण्ड संख्या 226/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी अभियुक्तों में 25 वर्षीय रौशन कुमार पिता राजेन्द्र साव औकनी तैली टोला थाना लोहसिंघना जिला हजारीबाग निवासी, 19 वर्षीय जितेन्द्र कुमार पिता छोटु साव न्यु एरिया दुसरी गली थाना लोहसिंघना जिला हजारीबाग निवासी एवं 23 वर्षीय पंकज कुमार पिता स्व.बबलू रवानी का नाम शामिल है। छापेमारी दल में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार पुअनि निताय चन्द्र साहा, सशस्त्र बाल एवं पैंथर के जवान शामिल थे।

# आचार्य, विचार और व्यवहार से ही हम बच्चों को संस्कार दे सकते हैं : शालिनी



### गायत्री शक्ति पीठ में आओ गढ़े संस्कार कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को दिया गया संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गायत्री शक्ति पीठ में शनिवार को आओ गढ़े संस्कारवाण पीढ़ी संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर नकुल देव शास्त्री ने गुरु बंदन, मातृ बंदन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति में मनुष्य को सही मायने में मनुष्य बनाना और उत्तरोत्तर महामानव बनाने की प्रक्रिया संस्कार परम्परा के रूप में रही है। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि परिवार और समाज के वातावरण का प्रभाव गर्भवस्था शिशु पर बहोत गहरा पड़ता है।

वहीं उन्होंने कहा कि आचार्य, विचार और व्यवहार से ही हम बच्चों को संस्कार दे सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि नए युग में बच्चों को संस्कार देना आवश्यक है, माता पिता का फर्ज संस्कार में ही पहला गुण होता है, इसके लिए गायत्री परिवार का यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा।

मौके पर प्रमुख सुषमा देवी, डॉ. भावना सेठ, डॉ.नेहा मेहता, डॉ.बी रानी, प्रो. दलजीत कौर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं उन्होंने कहा कि समाज के बीच महामानव का अकाल है, महामानव कैसे बने इस पर गायत्री परिवार का यह प्रयास सार्थक रूप से कार्य कर रहा है। वहीं गिरिडीह से आई आओ गढ़े संस्कार के प्रदेश कार्यकारणी की सदस्य पूनम बर्णवाल, हजारीबाग की उप जोन समन्वयक मधुलिका सिन्हा, पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि आज देश की परिस्थिति बच्चियां और महिलाएं सुरक्षित नहीं है, इंसान से इंसान डर रहा है। कार्यक्रम में गया से आए डॉ.चन्द्रमानी कुमार ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया। वहीं कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को सम्मान किया गया और इस अवसर पर महिलाओं को गर्भावस्था में उपयोग में लेने वाली पोषक तत्वों को प्रदर्शनी का अवलोकन करया गया।

इस दौरान बताया गया कि सही पोषण से देश होगा रौशन। मौके पर ईश्वर साव, नीलम शहबादी, संतोष बर्णवाल, सुनीता सिंह, कामिनी देवी, सुनीता भगत, सोनी जायसवाल, रेखा बर्णवाल, रीना बर्णवाल, सारिका भदानी, कुमकुम आर्या, शिला बर्णवाल, कविता आर्या, भारती सिन्हा, फूलकुमारी भारती, समेत कई सहिया, सेविका आदि मौजूद थे।

## बघमरी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के पास शुक्रवार देर शाम एक हाईवा वाहन ने एक बेलोरो वाहन को चकमा दे दिया, जिससे बेलोरो वाहन महुआ के पेड़ से टकरा गया। हादसे में बेलोरो वाहन में सवार सात लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया गया, जहाँ से गंभीर रूप से घायल उमेश भारती को बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायलों में रघुनंदन भुइंया का पुत्र उमेश भारती, रामवृक्ष भुइंया, संजू देवी, अशोक भुइंया की पत्नी मालती देवी, अर्जुन यादव का पुत्र प्रकाश यादव और लूटूनदाग गांव निवासी मोहन कुमार और उनकी पत्नी मालती देवी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि सभी हजारीबाग सदर अस्पताल से इलाज कराकर घर वापस आ रहे थे। हादसे में बेलोरो वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## प्रमुख ने किया आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड प्रमुख रोहन साहु ने शनिवार को राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चियों को मिलने वाले भोजन, मीनु और खाना बनाने व खाने के बर्तनों का जायजा लिया। जिसे देख असंतोष जाहिर कर प्रधानाध्यापक पर नाराजगी जताते हुए भोजन में सुधार करने को कहा है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में दिवार पर बच्चीयों को मिलने वाले भोजन का मीनू लिखा हुआ है। परंतु मीनू अनुसार बच्चीयों को भोजन नहीं दिया जाता है। आगे उन्होंने बताया कि विद्यालय में एक ही व्यक्ति द्वारा वर्ष 2016 से भोजन सामग्री पूर्ति करने का कार्य किया जा रहा है। लम्बे अंतराल से एक ही व्यक्ति द्वारा आपूर्ति कियेजाने के कारण बच्चियों को मीनू अनुसार भोजन नही दिया जा रहा है। खाद्यान्न आपूर्ति कर्ता का बदलाव अतिआवश्यक है। अन्यथा बच्चों के निवाला पर ग्रहण लगता ही रहेगा। निरीक्षण के दौरान करम साहु व अन्य उपस्थित थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा प्रथम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** खेलो झारखंड 2024 के तहत आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर 19 बॉयज ग्रुप में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा के छात्रों में शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रों के इस प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल के छात्रों ने कोडरमा का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले में प्रथम स्थान लाना गर्व की बात है, उन्होंने इस सफलता के लिए विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका अर्चना सिंह का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल टीम के छात्र रुद्र कुमार, सौरभ कुमार, नयन कुमार, प्रिंस कुमार, सतीश कुमार, बंटी कुमार और अभिषेक कुमार को बधाई देते हुए कहा कि अब यह टीम राज्य स्तर पर कोडरमा का प्रतिनिधित्व करेगी और उन्हें उम्मीद है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी यह टीम बेहतर प्रदर्शन कर कोडरमा का नाम रौशन करेगी।

# मुख्यमंत्री के इटखोरी आगमन को लेकर डीसी ने किया स्थल निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार, राज्य के सभी पंचायतों में लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कार्यक्रम के तहत, 24 सितंबर को इटखोरी भद्रकाली मैदान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे



और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण, योजनाओं का स्वीकृति पत्र, करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए, जिले के उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने इटखोरी कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और हेलीपैड स्थल, लोगों के आवागमन और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय और जिला जनसंपर्क कार्यालय से रंजन कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विश्व शांति के लिये लायंस क्लब ने शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन



गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा शनिवार को विश्व शांति हेतु एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में किया गया। जिसमें विश्व शांति की कामना करते हुए, शांति से रहने व सबकी शांति की प्रतिज्ञा ली गई। साथ ही सबकी शांति में मदद करने व किसी की शांति में विघ्न नहीं डालने का प्रण लिया गया। इस आयोजन में अध्यक्ष ला. राजकुमार अग्रवाल, सचिव ला, अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष ला. अनिल अग्रवाल ,पूर्व अध्यक्ष ला. शंकरलाल जाजोदिया, ला. पदम कुमार साबू, विशाल कुमार बिट्टू, बनवारी लाल अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक आनंद, सत्येंद्र गुप्ता, योगेन्द्र प्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, मनमोहन केशरी, शिव कुमार लाल, जयकांत राय, कृष्णा सोनी, शशि किरण जयसवाल, किरण केसरी, राज आनंद, रविंदर कौर, सरिता देवी, जय जयकांत राय, रणधीर वर्मा, संजय साहू, पम्मी सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### अरंगी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के आरंगी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सविता देवी शामिल हुए। कार्यक्रम के निमित अंचल, प्रखंड, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, मनरेगा विभाग, कृषि विभाग सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने आवश्यकता अनुसार आवेदन भरकर जमा किया। ग्रामीणों की भीड मंईयां सम्मान योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सावित्रीबाई फुले योजना सहित कई पेंशन से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने को लेकर लगी रही। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा आप लोगों के पंचायत आप लोगों के गांव पहुंच सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभ प्रत्येक व्यक्तियों को दिलाना है। आप सभी आवश्यकता अनुसार आवेदन भर कर जमा करें। ताकि आपको सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो, पंचायत सचिव आशिक सहित कर्मी, ग्रामीण उपस्थित थे।

### टीबी की देशी दवा खाने से वैध सहित दो की मौत, दो की स्थिति गंभीर

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के मड़ईकोना निवासी वैध सुधीर तिर्की व बसंत तिर्की की मौत टीवी की स्व निर्मित आयुर्वेदिक दवा खाने से हो गई। जबकि बसन्त तिर्की की पत्नी सुषमा तिर्की, बादल टोप्पो सदर अस्पताल गुमला में इलाजरत है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बसन्त के पुत्र शशिकांत ने बताया टीबी मरीज सुजीत तिर्की जो गुमला में एक निजी अस्पताल में भर्ती है। जिसके लिए शुक्रवार शाम मृतक बैध सुधीर तिर्की ने दवा बनाकर बसन्त तिर्की, पत्नी सुषमा तिर्की, बादल टोप्पो को टेस्ट कराया ओर खुद भी खाया था। दवा के सेवन के बाद उनकी स्थिति बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर परिजन पहुंचे, पर दरवाजा खटखटाने के बाद भी नही खोला गया। जिसके बाद सभी को लेकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के क्रम में देर रात सुधीर व बसन्त की मौत हो गई। सूचना पर शनिवार को एसआई बिनय कुमार महतो ने दोनो के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुधीर वैध का काम करता था और पिछले एक वर्ष से टीवी का दवा बनाकर लोगो को देता था। शुक्रवार को वैध सुधीर बसंत के घर मिक्सी में पीसकर सभी को ताकत की दवा कहकर टेस्ट कराया और खुद भी खाया था। इसके बाद उनकी स्थिति बिगड़ी और मौत हो गयी।

### अधेड़ ने नाबालिक से किया छेड़छाड़ ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

गुमला। भरनो प्रखंड के करंज पुलिस ने एक गांव से बर्तन फेरी करने वाले अधेड़ व्यक्ति को एक नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी 50 वर्षीय अजहर शेख जो कि वर्तमान में सिसई में रेंट में रहकर बर्तन फेरी का काम करता है। वह बीते गुरुवार को करंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बर्तन फेरी करने के लिए पहुंचा था और वहीं एक नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ किया। गांव के ग्रामीणों द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ छेड़छाड़ करते देख आरोपी को पकड़ कर लपड़ थप्पड़ किया और तुरंत पुलिस को सूचना देकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

### बिजली सब्सिडी का लाभ नही उठा पा रहे हैं गुमला के लोग : दामोदर कसेरा

गुमला। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की बिजली सब्सिडी देने का काम देख रही कंपनी फ्यूजन एक्सफ्लोर टेक की लापरवाही के कारण गुमला के व्यापारी और आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। यह कंपनी अपना कार्य को सही तरीके से नहीं कर रही है। जिसके कारण बिजली में मिलने वाली सब्सिडी से लोग वंचित हो जा रहें है और सरकार भी इसपर ध्यान नहीं दे रही है। गुमला में बिजली के मीटर का मंथली रीडिंग नहीं होने से सरकार द्वारा दिया जा 200 यूनिट बिजली का लाभ नहीं मिल रहा हैं। ज्ञात हो की अगर किसी का दो सौ यूनिट तक बिजली की खपत होती है तो उसको बिजली बिल का भुगतान नहीं करना हैं। अगर 400 यूनिट से ऊपर होता हैं तो उनको सब्सिडी नहीं मिलेगी। परंतु सबसे बड़ी समस्या है की मंथली रीडिंग नहीं होने से बिजली सब्सिडी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुमला का इतिहास रहा है की आजतक मंथली रीडिंग कभी नहीं हुआ है। आने वाले समय में अगर इसपर सुधार नहीं होता है तो चेम्बर आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### सांप के कटने से व्यक्ति घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के फुलवारटोली में शनिवार को सांप के काटने से बरवेनगर फुलवारटोली निवासी पौल खलखो जख्मी हो गए। पौल दिन में अपने मवेशी के खाने के लिए घास काटने के क्रम में सांप ने उसके पैर में काट दिया। सांप के काटने से काफी लहर व जलन होने के बाद परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी बेहतर इलाज के लिया सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

## पीड़ितों को मुआवजा दिलाना सभी का कर्तव्य है : पीडीजे

### मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर कार्यशाला का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा आर के मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी सहित अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। वहीं कार्यशाला को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डालसा आर के मिश्रा ने कहा कि मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजा दिलाना हम सभी का कर्तव्य है। यह परोपकार का काम है। इस कार्य में गतिशील रहे। साथ ही केस जरूर दर्ज करे। वहीं एडीजे द्वितीय नीरजा आशरी ने कहा कि प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट 48 घंटे में न्यायालय में जमा करें। वहीं उन्होंने कहा कि एमएसीसी 199 ए के तहत नाबालिक द्वारा वाहन चलते हुए पकड़े जाने पर वाहन मालिक और अभिभावक पर कार्यवाई होगी। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना मामले पर सुप्रीम कोर्ट लगातार निगरानी कर रही है। किसी भी पीड़ित को मुआवजा दिलाने में पुलिस, अस्पताल और इंश्योरेंस कंपनी महत्वपूर्ण कड़ी है। आपके द्वारा किया गया कार्य पीड़ित को मुआवजा दिलाने में मददगार साबित हो सकता है। अधिवक्ता जेपीएन सिन्हा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सर्व प्रथम इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाए। यह सबसे बड़ा पुण्य काम है। कार्यशाला में एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थता केंद्र के अधिवक्ता, कई थानों के पुलिस अधिकारी, सदर अस्पताल के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे।

## झारखंड सीजीएल की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

### उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार को हुआ। गुमला जिला में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गये थे। परीक्षा में कुल 2898 परीक्षार्थी शामिल हुए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त ने डीएवी पब्लिक स्कूल, पॉलिटेक्निक कॉलेज, एसएस+2 बालिका उच्च विद्यालय, एसएस+2 उच्च विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित व अनुपस्थिति बच्चों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि का जायजा लिया। बताते चले कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखा गया है। परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन एवं अन्य गैजेट लेकर जाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई है। उपायुक्त ने स्वयं भी निरीक्षण के समय अपने मोबाइल फोन को बाहर रख कर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## भाजपा का परिवर्तन यात्रा 26 को गुमला में

>> परिवर्तन यात्रा के सफल आयोजन को लेकर भाजपाइयों की बैठक संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को समृद्ध विकसित राज्य बनाने, राज्य में हो रहे घुसपैठ, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था को समाप्त करने, तुष्टीकरण में लिप्त ठगबंधन सरकार को सत्ता से बेदखल का संकल्प लेकर भाजपा की परिवर्तन यात्रा शहीद सिदो-कान्हू के स्थली भोगनाडीह से प्रारंभ हुआ। यह रथयात्रा गुमला जिला के तीनों विधानसभा में आगामी 26-27 सितंबर को पहुंचेगी। जहां रायडीह, गुमला, सिसई, घाघरा में कार्यक्रम सम्पन होंगे। परिवर्तन यात्रा में गोरखपुर लोकसभा के सांसद सिने स्टार रवि किशन, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व प्रमुख नेता भाग लेंगे। जिले में परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने हेतु शनिवार को जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल के आवास पर जिला भाजपा के पदाधिकारीयों की तैयारी समीक्षा बैठक संपन्न हुई। परिवर्तन रथ का पूरे जिले में भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए महिला मोर्चा, युवा मोर्चा,अल्पसंख्यक मोर्चा, नगर ग्रामीण मंडल को अतिथियों का स्वागत, शहीदों का माल्यार्पण रोड शो कराने की जिम्मेदारी दी गई। जिला संगठन द्वारा कमिटी गठित की गई है। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह, अनूप चंद्र अधिकारी, यशवंत सिंह रामअवतार भगत, सत्यनारायण पटेल, दामोदर कसेरा, सुजीत नंदा, शिवदयाल गोप, कृष्ण मिश्रा, अरविंद मिश्रा, संदीप प्रसाद, विकास सिंह, बबलू वर्मा, हरमीत सिंह, अशोक साहू, संतोष सिंह, गुड्डी नंदा, उज्जवल मिश्रा विकास श्रीवास्तव, ललिता गुप्ता, खुशमंन नायक व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वितमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने किया किस्को प्रखंड के हिसरी पंचायत के गांवों का दौरा, बोले

## हमारी सरकार ने रोटी, कपड़ा, मकान दिया

खबर मंत्र संवाददाता





लोहरदगा। स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर के द्वारा किस्को प्रखंड के अंतर्गत हिसरी पंचायत के ग्राम पतरातु, मेरले, अगरडीह, चोरगाई, हिसरी नवा टोली, गांवों का शनिवार को दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर लोगो ने मंत्री डॉ उरांव को अपनी बातो को रखा। जो भी समस्या आई उसे विधायक के द्वारा संबंधित अधिकारियों से बात कर कार्य करने का काम किया गया। इस मौके पर डॉ उरांव ने कहा कि लोहरदगा के लोकप्रिय जनता ने हमे विधायक बनाया। झारखंड में गठबंधन सरकार बना सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने रोटी, कपड़ा, मकान दिया। जब मैं आपूर्ति मंत्री था तो हरा राशन कार्ड 25 लाख लोगो को हरा राशन कार्ड से जोड़े। पिछले 5 वर्ष में हमलोग ने अनाज देने का कार्य किए। इसके साथ ही ग्रामीण जनता के लिए धोती, लूंगी, साडी 10 रुपया में सभी को देने का कार्य किया। इसके साथ ही गांव में गरीब जनता के खपरा के मकान को बदल कर अबूआ आवास के तहत तीन रूम का मकान का निर्माण कराया जा रहा है। वृद्धा, विधवा पुरुष को 60 वर्ष एवं महिलाए 50 वर्ष से ऊपर सभी लोगो को एक हजार रुपया प्रति माह पेंशन दिया जा रहा है। मईया सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष से ऊपर महिलाए को पार्टी माह एक हजार के साथ सलाना 12 हजार देने का कार्य किया जा रहा है। सभी लोगो को बिजली बिल माफी योजना के तहत किसानों ग्रामीणों को 200 यूनिट तक बिजली बिल का माफी किया जा रहा। इसके साथ ही मेरे विधायक मद से भी प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न गांव एवं शहरों में कार्य किया जा रहा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रखंड अध्यक्ष युनुस अंसारी, 20सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, अरशद अयुब, तनवीर गौहर, सत्यदेव भगत, जुगल भगत, नुसरत अंसारी, उल्फत अंसारी, रौनक इकबाल, जयमत कुजूर, पंचायत अध्यक्ष शेख सादिक, कैश आलम, सैमुएल लकड़ा, अमजद खान, सुनीता मिंज शंकर मिंज, जेरोम पन्ना, हर्षित कुजूर, अरविंद उरांव, सूरज उरांव, पंचम लोहारा, सुखराम भगत, सूरज उरांव आदि उपस्थित थे।

### जय श्री राम समिति का चुनाव की तैयारी पूरी, चुनाव आज

**लोहरदगा। जय श्री राम समिति का चुनाव को लेकर प्रचार का अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने पूरा जोर लगा दिया। विदित हो की समिति के अध्यक्ष, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव आज रविवार को होगी। चुनाव को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जय श्री राम समिति जिला चुनाव को लेकर शनिवार को प्रचार का अंतिम दिन सभी उम्मीदवार अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस महामुकाबले में अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद में सीधी टक्कर है तो महामंत्री में चौतरफा मुकाबला है। रविवार को होने वाले चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी हो गई है। लोगों को कहना है वोट के माध्यम से संगठन का चुनाव होना बहुत ही दिलचस्प लग रहा है। उम्मीदवारों को जितना आसान चुनाव लग रही था समय के साथ उतनी ही कठिन हो गया। कौन जीतेगा कौन हारेगा ये कहना अब मुस्किल हो गया है। चुनाव प्रभारी व मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा आज जय श्री राम समिति चुनाव का मतदान केंद्र खेमराज स्मृति भवन गुदरी बाजार में सुबह 7 बजे से 3 बजे तक होगा। मतदान के बाद शाम मे गिनती की जाएगी, जो संभवता देर रात तक चलेगी।**

## हेमंत सरकार की उम्र चंद दिनों की : नीरू शांति भगत

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा सदर प्रखंड के हेसल पंचायत, कुजरा पंचायत के ग्राम प्रभारीयों के साथ आजसू पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी एवं केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने बैठक की। नीरू शांति भगत ने कहा कि हेमंत सरकार की उम्र अब कुछ ही दिन बचे हैं। यह सरकार झूठे सब्ज बाग दिखाकर आई थी और आज भी लोक लुभावने वादे कर रही है। जनता इनको समझ चुकी है अब इनके झूठ जाल में फंसने वाली नहीं है। यह सरकार बड़े-बड़े वादे की थी जैसे 5 लाख सरकारी नौकरी, हर वर्ष दो जेपीएससी परीक्षाएं। परंतु इसमें वह पूरी तरह फैल रही। आज तक इन्होंने जो कार्य किया है वह रघुवर सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को ही आगे बढ़ाया है, अपने से कोई एक भी नया कार्य कर पाई। नई नियुक्ति नहीं कर पाई, इनकी कथनी और करनी अलग-अलग है। 5 साल यह पूरी तरह सोए रहे, आखिरी समय में जब चुनाव होने वाली है। तब इन्होंने यह योजना शुरू किया है। आजसू पार्टी कमर कस कर मैदान में आ चुकी है। इनकी पोल खोलते हुए जनता के बीच जा रही है और राज्य की दुर्दशा जो इन 5 सालों में इस सरकार के द्वारा किया गया है। वह किसी भी सूरत में अपराध से काम नहीं है। बैठकों के दौरान ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार 5 साल सिर्फ मामलों को लटका कर रखी कुछ नहीं कर पाई और आगे भी कोई उम्मीद नहीं है। ग्राम प्रभारीयों के साथ बैठक में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेश साहू, जनजातीय मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय उरांव, लोहरदगा प्रखंड की महिला अध्यक्ष मालती टोप्पो व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आगामी चुनाव में बहुमत से भाजपा की बनेगी सरकार : मनीर उरांव



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 293 बूथ गढ़ा टोली में नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव उपस्थित हुए। मौके पर मनीर उरांव ने कहा कि आगामी चुनाव में दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। जिस तरह से हेमंत सरकार राज्य में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। आने वाले समय में पार्टी सबका साथ सबका विकास का सोच लेकर पूरे राज्य में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि 27 सितंबर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन लोहरदगा में हो रहा है आप सभी से आग्रह होगा कि योगी के कार्यक्रम में शामिल होकर आशीर्वाद वचन को सुने। नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि जिस तरह इंडी गठबंधन की सरकार टुकड़े-टुकड़े गैंग के द्वारा रोहिंग्या मुसलमान को राज्य में बसाने का कार्य कर रही है। इस नीति को जनता समझ चुकी है। मौके पर जिला महामंत्री संजय अग्रवाल, संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार, बूथ अध्यक्ष अनिल भगत, अशोक सोनी, नंदलाल उरांव, सूरज उरांव, अमित उरांव, अजीत खालको, संतोष कुजूर, आकाश भगत, सुजल उरांव, करण उरांव, महादेव उरांव, दासदेव उरांव, दुर्गा उरांव, अनूप खालको, राम उरांव, ललित उरांव, संदीप उरांव, कुणाल उरांव, परमेश्वर उरांव, सीमा लकड़ा, पिंकी उरांव, विमल उरांव, ललिता उरांव, मनमत भगत, पूनम खालको, बरखा खालको, बबीता देवी, रजवंती उरांव, इतवारिया उरांव, वर्षा खालको, ललिता, प्रमिला, फूलों उरांव, गायत्री देवी, किरण देवी, कलावती उरांव, तारा, महारानी आदि लोग उपस्थित थे।

## लुथरन स्कूल में एसएसबी ने चलाया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान

खबर मंत्र संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के लुथरन 10+2 विद्यालय में 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिलम गुमला के कमांडेंट राजेश सिंह के दिशा निर्देश पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर उपनिरीक्षक अमित कुमार ने कहा कि बेटियों को कभी बोझ नहीं समझना चाहिए। आज हमारे देश की बेटियां हर क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रही है। वहीं सरकार भी सभी बेटियों की उच्च शिक्षा पर लगातार फोकस कर रही है इसलिए सभी अभिभावकों को जरूरत है कि वो अपने बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाएं। जिससे वो आगे चलकर समाज में एक अच्छा संदेश लेकर आएं। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, आरक्षी शैलेश कुमार यादव, आरक्षी रंजीत सिंह सहित स्कूल स्टाफ शांति प्रकाश बेक, संध्या जिद्द, रोहित कुमार, अनमोल एक्का, स्वाति टोप्पो, कमल किशोर किंडो, राजेन्द्र सिंह, अचल प्रतीक एक्का, आनन्द रक्षित मिंज सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सर्वेश्वरी समूह में मना स्थापना दिवस

खबर मंत्र संवाददाता



प्रभात फेरी निकले सर्वेश्वरी समूह के सदस्य।

घाघरा। सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा के द्वारा समूह का 64 वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम सर्वेश्वरी शाखा समूह के सदस्यों ने दो पहिया व चारपहिया वाहनों के साथ सैकड़ो की संख्या में चांदनी चौक घाघरा स्थित सर्वेश्वरी शाखा समूह से प्रभात फेरी निकाली गई। जो प्रखंड के थाना चौक, ब्लॉक चौक, नवडीहा, गम्हरिया होते हुए पुनः सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा पहुंचा। इसके बाद ध्वजारोहण, पूजन, आरती सफल योनि पाठ और प्रसाद का वितरण किया गया। इसके साथ ही सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा बाल मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता व पुरुस्कार का वितरण किया गया। सदस्यो ने बताया कि देर शाम भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। मौके पर कई सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर बांध का किया मरम्मत



लोहरदगा। जिले की किस्को प्रखंड के बोंगा गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान कर तीसरी बार कच्चा बांध बोंगा ऊपर बांध की मरम्मत कर बनाया। पूर्व में भी इस बांध का निर्माण दो बार किया जा चुका है। परंतु बगडु पहाड़ के तरफ से बारिश का पानी पूरे वेग से आने के कारण यह टूट जाता है। जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारीयों को बार-बार आग्रह करने के बाद भी, इस और किसी का ध्यान नहीं जाता। मजबूरन ग्रामीण श्रमदान कर इसका निर्माण करते हैं। यह गांव किस्को प्रखंड के आरया पंचायत के अंतर्गत आता है। जो पिछड़ा एवं पहाड़ से सटा हुआ इलाका है। इस गांव में सुविधाओं का अभाव के साथ-साथ शासन एवं प्रशासन की उपेक्षा का यह शिकार गांव है। पूर्व में विकास आयुक्त लोहरदगा को आवेदन देकर इस बांध के मरम्मत करने का अनुरोध किया गया था। परंतु मापी होने के बावजूद अभी तक कार्य आदेश तक नहीं जारी किया गया है। इस गांव में मूलभूत सुविधाओं का भी घोर अभाव है। ग्रामीणों ने ठाना है अपनी मुश्किलों का हल खुद निकालेंगे। इसी क्रम में शनिवार को श्रमदंकर बांध का निर्माण किया गया है। बांध का निर्माण के लिए बोंगा वासीयों का महत्वपूर्ण योगदान रह। जिसमें ग्राम महतो द्वारा गांव में डुगडुगी बजाकर बांध मरमती हेतु सूचना दिया गया और लोगों से इसमें शामिल होकर अपना विकास खुद करने की बात कही। इस मौके पर संजय उरांव, चंपा उरांव, पाहन शिव सहाय उरांव, पूरन महतो, प्रताप भगत, छोटका उरांव, बालेश्वर उरांव, भौरा उरांव, रंजन, सोमेश्वर उरांव, तिवारी उरांव, रामविलास उरांव, सुमित उरांव, मुंशी उरांव, सानिया उरांव, दसवां उरांव, जय मंगल उरांव सहित 150 के आसपास ग्रामीण शामिल हुए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## नव युवक संघ एरो फुटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में फोरी व बालिका वर्ग में चांदली की टीम ने जमाया कब्जा

खबर मंत्र संवाददाता



गुमला। सदर प्रखंड गुमला के बसुआ पंचायत के ग्राम एरो में नवयुवक संघ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय बालक - बालिका खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न हो गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच बालक वर्ग में कांसी टोली बनाम फोरी के बीच खेला गया। जिसमें फोरी की टीम विजय रही।

वही बालिका वर्ग का फाइनल मैच चांदाली बनाम सवरिया के बीच खेला गया। जिसमें चांदाली की टीम विजय रही। प्रतियोगिता में कुल 48 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि इस सुदूर ग्रामीण इलाके में इतना बड़ा टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना अपने आप में एक उपलब्धि है। यहां के युवा साथियों को धन्यवाद देना चाहूंगा। इस टूर्नामेंट से आपसी सदभावना बढ़ाने का काम किया है। इसे क्षेत्र में शांति सदभाव और समन्वय बनेगा।

जिस तरह से एक खेल में 11-11 प्लेयर खेलते हैं और जो आपसी तालमेल से अवसर का लाभ लेते हुए गोल कर पाता है वही विजय होता है। उसी तरह से हमारे समाज में अवसर का लाभ लेते हैं और अपने आप को सम्मानजनक रूप से समाज में काम करते हुए आगे बढ़ते हैं उन्हीं का जीवन सफल होता है।

साथियों वर्तमान समय में खेल का अभूतपूर्व महत्व है। इससे हमारा स्वास्थ्य अच्छे होते हैं जिससे मानसिक और आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है।आज खेल भी जीविकोपार्जन का साधन बन गया है। इससे हम अपने भविष्य का निर्माण भी कर सकते हैं। हम देख पाते हैं कि कई ऐसे लोग इसको करियर के रूप में स्थापित होकर अपने जीवन को सफल बनायें हैं। हमें पढ़ाई के साथ साथ है खेल पर भी हमें आवश्यक ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि आप खेल को खेल की भावना से खेलें। मौके पर नव युवक संघ के अध्यक्ष विजय उरांव, सचिव प्रदीप उरांव, गुमला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, देवा साहु, देवपाक उरांव, नौशाद अंसारी, राज मिंज, विजय उरांव, परमेश्वर उरांव, रोहित उरांव, घुड़ा उरांव, लालू कुल्लू सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदिवासी जमीन बचाओ कार्यक्रम की शुरूआत 5 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन से होगा

खबर मंत्र संवाददाता



बैठक में शामिल समाज के अगुवा।

लोहरदगा। एमजी रोड स्थित झखरा कुम्बा में शनिवार को राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा (भारत) जिला समिति के पदाधिकारीगण साथ बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला अध्यक्ष सोमदेव उरांव ने की।

बैठक में विशेष रूप से आदिवासी जमीन बचाओ कार्यक्रम की शुरूआत को लेकर चर्चा की गई। जिसमें आगामी पांच अक्टूबर 2024 को लोहरदगा उपायुक्त कार्यालय का घेराव होगा और झारखंड राज्य के अपने अपने जिला में उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक में आदिवासी समुदाय के अगुवाओं ने चर्चा किया गया कि आदिवासी जमीन का अतिक्रमण तेजी से हो रहा है। इसका सबसे बड़ा जिम्मेवार अंचल कार्यालय के उच्च पदाधिकारियों को गलत रिपोर्ट देकर दिग्भ्रमित करते हैं। इसका शिकार भोले भाले आदिवासी होते हैं।

बैठक में विशेष रूप से राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा (भारत) के केंद्रीय महासचिव जालेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष सोमे उरांव, कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, कोर कमेटी सदस्य फुलदेव भगत, सुधु भगत, लोहरा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा, रांची से आए हुए देवकुंवर धान, बालमुकुंद लोहरा, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला समिति सचिव सुखेंद्र उरांव आदि मौजूद थे।

# भाजपा सांसद व सिनेस्टार मनोज तिवारी व रवि किशन 25 सितंबर को करेंगे रोड शो

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** स्थानीय मेन रोड स्थित जय हिंद पुस्तकालय परिसर में शनिवार को भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक की शुरूआत की गई। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधायक सह परिवर्तन यात्रा के मंडल प्रभारी प्रकाश राम एवं मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे उपस्थित रहे। बैठक में मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने स्वागत भाषण और विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि आगामी 25 सितंबर दिन बुधवार को चंदवा में फिल्मी जगत के दो स्टार दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी एवं



फोटो:1 बैठक करते लोग

गोरखपुर के सांसद रवि किशन का चंदवा में रोड शो होना सुनिश्चित हुआ है। जिसकी तैयारी को लेकर बैठक कर कार्यकर्ताओ को जिम्मेवारी सौपा गया ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा झारखंड में सरकार बदलकर भाजपा की सरकार बनाने के परिवर्तन का संकल्प है। इसे सफल बनाने के लिए सभी कार्यकताओं को सशक्त होकर लग जाना है। जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा की परिवर्तन यात्रा पूरे झारखंड में किया जा रहा है। इसी के निमित आज चंदवा मंडल में बैठक कर तैयारी को जमीनी स्तर पर परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिये एक संचालन समिति बनाया जा रहा है। झारखंड विधानसभा में जो चुनाव होना है उसमें लातेहार विधानसभा को सीट को जीत कर विधायक विधानसभा में भेजना है। मंच संचालन दीपक निषाद ने की वही कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा चंदवा मंडल के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने की। मौके पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू,रामबृक्ष चौधरी, कुलामन साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव,शंकर साहू, संजय साहू,महामंत्री शिवकेश्वर यादव,मंडल मंत्री मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी,मीडिया प्रभारी गौरव दुबे,कृष्णा कुमार,आदर्श रविराज,चंद्रभूषण केसरी,आशिष गुप्ता, राजू भुईया,सकीन्दर मुंडा,बबलू सोनी, रिकी वर्मा, छोटू रजक, सूर्यनारायण साहू,वीरेंद्र प्रसाद,देवमणि बैध,आशीष लाल, मनोज पाठक समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झारखण्ड जेएसएससी सीजीएल की

## परीक्षा देने जा रहे दो युवक घायल, रिम्स रेफर





खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित झारखंड जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा देने पलामू जा रहे दो युवक बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बरमोरिया ग्राम के पास सड़क दुघर्टना में घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चंदन कुमार 29वर्ष पिता अर्जुन राम एवं बिट्टू कुमार 26 वर्ष पिता उमेश वर्मा दोनो चतरा निवासी मोटरसाइकिल से सचिवालय का परीक्षा देने मेदिनीनगर(पलामू)जा रहे थे। इसी दौरान बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर हेरहंज थाना क्षेत्र के बरहमोरिया ग्राम के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया।

जिससे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से दोनो घायल युवकों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर धुर्व कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे मनोज तिवारी एवं रवि किशन, तैयारियों को लेकर हुई भाजपा की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ में आगामी 25 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा में भोजपुरी कलाकार सह दिल्ली सांसद सांसद मनोज तिवारी एवं गोरखपुर सांसद रवि किशन शामिल होंगे। इस दौरान दोनो कलाकार सह नेता बालूमाथ में रोड शो भी करेंगे और बालूमाथ के जोगियाडीह ग्राम स्तिथ बिरसा मैदान में एक सभा को भी संबोधित करेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप परिसर में भाजपा कार्यकताओं की बैठक हुई। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप माल्यार्पण एवं प्रज्ज्वलित कर किया गया। आयोजित बैठक में होने वाले कार्यक्रम के तैयारी को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि 25 सितंबर को




बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता

आयोजित होने वाले परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में करीब दस हजार की भीड़ जुटेगी। इसको लेकर तैयारी जोरों शोर पर है। उन्होंने आगे कहा कि यह परिवर्तन यात्रा झारखंड में सरकार बदलकर भाजपा सरकार बनाने का परिवर्तन का संकल्प है इसी के लिए सभी भाजपा कार्यकताओं को अभी से लग जाना है। मौके पर लातेहार विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, जिला महामन्त्री अमलेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति एससी मोर्चा अमित कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज सह मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी सिंह, लातेहार जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु वर्मा, पलामू प्रभारी त्रिवेणी साव एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश गंझु, एससी मोर्चा जिला पूर्व कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता समेत कई भाजपाई मौजूद रहे।

एक नजर में

### बिशुनबांध में ग्रामीणों ने श्रमदान कर टूटे हुए पूल के समीप सड़क का किया मरम्मत



सड़क का मरम्मत करते ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बिशुनबांध पंचायत अंतर्गत मदनडीह, सलगी, टेंगरापत्थर और खिराखाड़ गांव को जोड़ने वाली सड़क के दो पूल के किनारो में सड़क धंस जाने से वहां आसपास रहने वाले गांव के ग्रामीणों को आवागमन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी जानकारी गांव के मुखिया एवं ग्रामीणों के द्वारा अधिकारियों को भी दी गई थी लेकिन अधिकारियों के द्वारा एस्टीमेट बनाने की मांग की जा रही थी। वहीं बिशुनबांध पंचायत के मुखिया झमन सिंह,समाजसेवी रसबिहारी यादव,कामेश्वर सिंह,राजदेव सिंह,समेत सभी गांव के ग्रामीणों ने प्रशासन को आईना दिखाते हुए टूटे हुए सड़क का आपस में श्रमदान कर मरम्मत करने का निर्णय लिया। बता दें की पूर्व दिनों में हो रही लगातार बारिश के कारण दो जगह पर सड़क टूट गया था जिसके कारण सड़क के आसपास रहने वाले कई गांव के ग्रामीणों को मटलोंग व मनिका आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही थी।

वहीं गांव के ग्रामीणों ने आपसी समन्वय दिखाते हुए श्रमदान और शारीरिक मदद कर एवं जेसीबी मशीन लगवा कर टूटे हुए सड़क का मरम्मत किया। वहीं मुखिया झमन सिंह,ग्रामीण राजदेव सिंह,कामेश्वर सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क टूटने की जानकारी अधिकारियों को दी गई थी लेकिन अधिकारियों ने एस्टीमेट बनाकर देने की मांग किया था जिससे की काफी समय लग सकता था इसलिए हम सभी ग्रामीणों ने बैठक करके क्षतिग्रस्त सड़क को बनाने का निर्णय लिया ताकि हमारे गांव के ग्रामीणों को आने-जाने में सहूलियत मिल सके। मौके पर गांव के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीमार आदिम जनजाति परिवार को इलाज के लिए एम्बुलेंस से भेजा अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम स्थित बिरहोर कलोनी मे निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवार करण बिरहोर के एक वर्षीय पुत्र प्रदीप बिरहोर पिछले कई दिनों से बीमार था। बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाइक के पहल पर एम्बुलेंस उपलब्ध करवा कर समुचित इलाज के लिए बालूमाथ अस्पताल भेजा गया। जानकारी देते हुए एमपीडब्लू संदीप कुमार ने बताया की राजगुरु मे निवास करने वाले बीरहोर परिवार के एक वर्षीय बच्चे पिछले कई दिनों से बीमार थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीमार होने की जानकारी मुझे मिली तो मै प्रखंड सह अंचल विकास पदाधिकारी व सीएचसी प्रभारी अशोक बड़ाइक की दिया। बीडीओ सह सीओ एंव सीएचसी प्रभारी के पहल पर गरीब असहाय को एम्बुलेंस उपलब्ध करवा कर इलाज के लिए बालूमाथ अस्पताल भेजा गया। वहीं बताया की आदिम जनजाति परिवार को विशेष ध्यान रखना है। मौके पर ग्राम प्रधान अर्जुन साव, समाज सेवी अजय हर्षवर्धन मौजूद थे।

## बरवाडीह में आखिर कब थमेगी दुर्घटनाएं?

### सड़क पर चल रही है मौत की बेखौफ दौड़



मृत शिक्षक रविंद्र कुमार (फाईल फोटो)

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड आए दिन दुर्घटनाओं के कारण सुर्खियों में रहता है। शुक्रवार की शाम बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमू - महुआडांड़ मेन रोड और कुटमू - बेतला के बीच अखरा गांव के पास हुए दो बाइक की आमने - सामने टक्कर में महुआडांड़ थाना के ग्राम दीपाटोली निवासी शिक्षक रविंद्र कुमार (50), पिता स्व.शशि सिंह की मौत हो गई। मृतक रविन्द्र कुमार का बरवाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वाटांड़ में ससुराल है। वो गढ़वाटांड़ निवासी रामस्वरूप सिंह के सबसे बड़े दामाद थे। महुआडांड़ निवासी मृतक रविंद्र कुमार सरकारी शिक्षक थे। वे गढ़वा जिले के मझीआंव प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय सकरकोनी में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित थे। इसी स्कूल में पदस्थापित एक शिक्षक ने बताया कि वो मझीआंव में ही रहते थे। जब कभी दो तीन दिन की छुट्टी होती थी तो वो अपने घर महुआडांड़ जाते थे। शुक्रवार को 3 बजे स्कूल से अपने बाईक से घर जाने के लिए निकले थे। वहीं उनके साला प्रवीण सिंह खरवार ने बताया कि वो घर जा रहे थे और जैसे ही कुटमू से कुछ दूर आगे बढ़े की सामने से आ रही एक तीव्र गति से बाइक से सीधी टक्कर हो गई। जिससे वो घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। मृतक रविंद्र कुमार का 22 साल का बेटा और एक 16 साल की बेटी है। जिनके ऊपर से अब पिता का हाथ हट गया है। अगर सड़क हादसे पर रोक लगाने के लिए सरकार ने कदम नहीं उठाए तो वाहनों की रफ्तार और बढ़ती संख्या अभी और कितने लोगों की बलि लेगी ईश्वर ही जाने।

## शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न

### डीसी गरिमा सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रो का किया निरीक्षण



निरीक्षण करी डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेएसएससी) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने गांधी इंटर कॉलेज, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका +2 उच्च विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों, उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया।

साथ ही उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित व अनुपस्थिति बच्चों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने तीन पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर केंद्रों पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने हेतु दिए गए दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### तेलंगाना मजदूरी करने गए मजदूर युवक का दुर्घटना में मौत, शव घर पहुँचते छाया मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत छाताबर निवासी अशोक गंझु पिता सुकर गंझु तेलंगाना के सिकंदराबाद मजदूरी करने गया था। जहाँ जयधर कॉन्ट्रेकट मे वाहन चलाता था। वाहन चलाने के दौरान 6 सितम्बर को वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल गया था। घायल अवस्था मे उन्हें वहाँ के नजदीकी अस्पताल गाँधी हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 18 सितम्बर को मौत हो गई। जयधर कम्पनी द्वारा एम्बुलेंस उपलब्ध करवा कर शव को घर भेजा गया। शव 20 सितम्बर शुक्रवार को शव घर आते ही परिजनों मे चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। पुत्र के मौत के बाद पता सुकर गंझु माता जगिया देवी ने कहा घर मे मात्र एक कमाऊ सदस्य था। हम दोनों परिवार के अलावे सभी परिवार को उनके मजदूरी से घर चलता था। सड़क दुर्घटना मे मौत होने से परिवार का भरण पोषण मे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

### लातेहार में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का आगमण 23 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोक जनशक्ति पार्टी के जमुई सांसद सह झारखण्ड प्रभारी अरुण भारती प्रदेश के दौरे पर हैं। सोमवार को अरुण भारती प्रदेश अध्यक्ष, बिरेन्द्र प्रधान एवं प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ लातेहार व पलामू का दौरा करेंगे। अरुण भारती व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का लातेहार एवं पलामू में होने वाली रैली की सफलता एवं मूर्ति अनावरण को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण एवं तैयारियों का जायजा लेंगे। बताते चलें कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान सोमवार को लातेहार में जन हुंकार रैली को संबोधित करेंगे एवं पलामू के नीलाम्बर पीतांबर में पार्टी के संस्थापक स्व. रामविलास पासवान



फोटो:9 चिराग पासवान

एवं बाबा चोहर मल के मूर्ति का अनावरण करेंगे। सांसद अरुण भारती पार्टी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के बाद दोपहर 2:30 बजे डाल्टनगंज सर्किट हाउस में केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर पत्रकार को सम्बोधित करेंगे। पलामू एवं लातेहार के दौरे पर सांसद सह प्रभारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान एवं सह प्रभारी राजेश वर्मा शामिल रहेंगे।

### मृत्युंजय सिंह बने अध्यक्ष व अजय जायसवाल बने सचिव

## दुर्गा पूजा समिति हरैया की बैठक संपन्न



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** दुर्गा पूजा समिति हरैया की बैठक शनिवार को संतोष कुमार सिंह के आवासीय परिसर में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता गोपाल साव ने की। बैठक में हरैया कामता कुजरी अलौदीया के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह सचिव अजय जायसवाल उपाध्यक्ष सुबोध जायसवाल,लाल विक्रम नाथ शाहदेव, राजेश साहू व भोला खान उपसचिव राजेश साहू, राजकुमार साव, मंटू सोनी, मिथलेश साव, विकास कुमार व पारस जी कोषाध्यक्ष बिहारी सिंह व अमरेंद्र सिंह धीरज को बनाया गया है। इसके अलावे 14 सदस्यीय कार्यकारणी सदस्य बनाए गए हैं। वही सत्यवान सिंह,संतोष कुमार सिंह,कृष्ण मुरारी सिंह,लाल सदानंद नाथ शाहदेव,लाल अरविंद नाथ शाहदेव,लाल कौशल नाथ शाहदेव,गोपाल साव,कामेश्वर प्रसाद व प्रमोद जायसवाल को संरक्षक बनाया गया है। पूजा को लेकर पंडाल निर्माण, साज सज्जा,विद्युत व्यवस्था, प्रसाद व्यवस्था व कोष संग्रह आदि बातों की भी चर्चा की गई। सभी व्यवस्थाओ के निमित्त कमिटी भी गठित की गई है। मौके पर राहुल जायसवाल, हैप्पी कुमार, आलोक कुमार, विजेंद्र साव, शंकर साव, रमेश जायसवाल समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### जुंगुर में आयोजित स्व. दीपक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया समापन

## खेल से अपना भविष्य बनाने के लिए सरकार खिलाड़ियों को दे रही आरक्षण: देवेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जुंगुर पंचायत के मटवाटोंगरी स्थित कार्तिक उरांव खेल में आयोजित स्वर्गीय डॉ.दीपक उरांव फुटबॉल टूनामेंट का समापन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जुंगुर पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर व बॉल को किक मारकर टूनामेंट के अंतिम मैच का शुभारंभ किया। वहीं अंतिम मैच खुरचिपवा बनाम लोहरही (मनिका) के टीमों के बीच खेला गया। मौके पर मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर ने कहा कि हमारे बड़े भाई स्वर्गीय डॉक्टर दीपक उरांव के याद में प्रत्येक वर्ष यहां पर फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया जाता है,जिसमें जिला भर के विभिन्न गांव से खिलाड़ी आते हैं और टूनामेंट में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक व



टूनामेंट के अंतिम मैच का शुभारंभ करते मुखिया व अन्य

मानसिक दोनों का विकास होता है इसलिए युवाओं व बच्चों को जरूर खेलना चाहिए, आज खेल से अपना भविष्य बनाने के लिए सरकार के द्वारा सरकारी नौकरियों में अलग से आरक्षण की व्यवस्था की गई है जिसका सभी खिलाड़ियों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल के माध्यम से अपने क्षेत्र के साथ-साथ राज्य व देश का नाम रौशन करें। उन्होंने फुटबॉल टूनामेंट का सफलता पूर्वक आयोजन हेतु कमेटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर पूर्व बीडीओ सुखलाल उरांव, पशु चिकित्सक डॉक्टर नरेश कुमार, सरना समिति मनिका अध्यक्ष नागेंद्र उरांव, टूनामेंट कमेटी के अध्यक्ष सुजीत उरांव,समाजिक कार्यकर्ता सह टूनामेंट कमेटी सचिव गुलाब यादव, कोषाध्यक्ष विनोद यादव, उपाध्यक्ष सुरेश केरकेटा, संरक्षक अरुण उरांव, सदस्य संतोष उरांव, संदीप उरांव, निर्मल उरांव, राजेंद्र यादव, अरुण कुजूर, सुदेशवर उरांव, बबलू शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### शुक्रवारीय हाट से तीन लोगों का मोबाईल चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत अलौदिया पंचायत मे शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट से तीन लोगों की जेब से उच्चकों ने मोबाइल चुरा लिए। इस संबंध मे भुक्तभोगियों ने चंदवा थाना में आवेदन देकर गुहार लगाई है। मेन रोड निवासी राम नारायण साहू ने बताया की शुक्रवार को वे सब्जी लेने बाजार गये थे। इस संबंध में तीनो भुक्त भोगियों ने चंदवा थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है।

